# 1000 करोड़ से लगेगी चीनी मिल व एथेनाल प्लांट

## लिंक एक्सप्रेस वे के दोनों ओर इंडस्ट्रियल कारिडोर में स्थापित होगी फैक्ट्री लोगों को मिलेगा रोजगार

- सुपीरियर ग्रुप के चेयरमैन ने मुख्यमंत्री योगी से की चर्चा
- प्लांट लगाने के लिए ग्रुप को 20 एकड़ जमीन की आवश्यकता

जागरण संवाददाता, गोरखपुर: उद्यमियों की पसंद बनते जा रही गोरक्षनगरी में 1000 करोड़ रुपये की लागत से चीनी मिल और एथेनाल प्लांट लगने जा रहा है। सुपीरियर ग्रुप के चेयरमैन प्रदीप अग्रवाल ने चीनी मिल और एथेनाल प्लांट को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात के दौरान चर्चा की। प्लांट के लिए उद्यमी को करीब 20 एकड़ जमीन की आवश्यकता है। लिंक एक्सप्रेस के दोनों तरफ विकसित हो रहे इंडस्ट्रियल कारिडोर में इस प्लांट के लगने की संभावना है। इस प्लांट के लगने से यहां के 300 से 500 लोगों को प्रत्यक्ष तौर पर रोजगार मिलेगा।

सुपीरियर ग्रुप द्वारा पिछले वर्ष हुए गीडा दिवस के बाद मुख्यमंत्री से मुलाकात कर सरैया शुगर मिल को दोबारा चालू करने को लेकर चर्चा की थी। इस क्रम में सरैया मिल को ही नए सिरे में शुरू करने की कवायद शुरू की गई थी। इसके लिए प्रबंधन का 150 करोड़ रुपये बैंकों का बकाया और इतना ही कर्मचारियों का बकाया देकर मिल को दोबारा चालू करने को लेकर कवायद कर रहा था।

इसके बाद सुपीरियर ग्रुप के चेयरमैन प्रदीप अग्रवाल ने चेंबर आफ इंडस्ट्रीज के पूर्व अध्यक्ष एसके अग्रवाल के साथ चीनी मिल और एथेनाल प्लांट लगाने को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात के दौरान चर्चा की। चर्चा में सरैया डिस्टिलरी को दोबारा चालू करने की संभावना पर बात नहीं बनने पर नई चीनी मिल और एथेनाल प्लांट को लेकर सैद्धांतिक सहमति बनी। ग्रुप को चीनी मिल और एथेनाल प्लांट लगाने के लिए 20 एकड़ जमीन की जरूरत है। प्रबंधन धुरियापार में 1000 करोड़ रुपये के निवेश के साथ चीनी मिल और एथेनाल प्लांट लगाने को तैयार दिख रहा है।

पूर्व अध्यक्ष एसके अग्रवाल का कहना है कि गीडा के मुकाबले धुरियापार में जमीन की कीमत आधी है। साथ ही लिंक एक्सप्रेस वे के चलते कनेक्टिविटी भी अच्छी है। ऐसे में कंपनी धुरियापार में ही 20 एकड़ जमीन को लेकर इच्छुक है। यूनिट में 1000 करोड़ रुपये के निवेश की संभावना है।



सीएम योगी से मुलाकात करते ग्रुप के चेयरमैन प्रदीप अग्रवाल एवं अन्य • सौ. स्वयं

> ग्रुप की गोरखपुर में करीब 1000 करोड़ की लागत से चीनी मिल और एथेनाल प्लांट लगाने की योजना है। इसके लिए 20 एकड़ जमीन की आवश्यकता है। प्लांट के लगने से यहां के 300 से 500 लोगों को प्रत्यक्ष तौर पर रोजगार मिलेगा।
>
> डा. सुनील मिश्रा, उपाध्यक्ष, सुपीरियर ग्रुप

> सुपीरियर ग्रुप का गोरखपुर में चीनी मिल और एथेलान प्लांट लगाने की योजना है। उद्यमी को उनकी जरूरत के अनुसार जमीन उपलब्ध कराया जाएगा। उद्योग स्थापित करने के लिए अब गोरखपुर में जमीन की कोई भी कमी नहीं है। धुरियापर में भी मई में भूखंड का आवंटन शुरू हो जाएगा। मुख्यमंत्री के हाथों पहला अलाटमेंट लेटर दिया जाएगा।
>
> अनुज मालिक, सीईओ, गीडा